लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल– 462023

क्रमांक/UCR/C/157/374 भोपाल दिनांक 28-2-2023

प्राथमिक शिक्षक के अभ्यर्थियों हेतु शाला विकल्प चयन संबंधी सूचना

प्राथमिक शिक्षक पद हेतु जारी विज्ञापन दिनांक 19.10.2022 के अनुक्रम में शाला विकल्प चयन हेतु अभ्यर्थियों की सूची जारी की जा रही हैं, । चयनित अभ्यर्थी दिनांक 1.3.2023 से दिनांक 6.3.2023 तक शाला विकल्प का चयन कर सकते हैं।

2 अभ्यर्थी को न्यूनतम 50 विकल्प का चयन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अधिक से अधिक शालाओं का चयन करें। समयावधि में शाला का विकल्प चयन न करने पर अथवा संबंधित को चयनित शालाएं आवंटित न हो पाने की स्थिति में विभाग की प्राथमिकता के आधार पर आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध रिक्तियों में से शाला का आवंटन किया जाएगा। यह आवंटन विभागवार, नियोक्तावार, प्रवर्गवार रोस्टर के आधार पर होगा। यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि च्वाइस फिलिंग के आधार पर पदस्थापना अभ्यर्थी का अधिकार नहीं है, अतः अभ्यर्थी यह दावा नहीं कर सकेगा कि उसे विकल्प अनुसार ही पदस्थापना दी जाए। विभागीय प्राथमिकता के आधार पर पदस्थापना की जा सकेगी।

3. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे चयन के संबंध में विभाग के अधिकारियों को फोन, व्हाट्सएप, एसएमएस इत्यादि न करें। ऐसा करना चयन प्रकिया को अनुचित तरीके से प्रभावित करने की श्रेणी में माना जाएगा तथा इस आधार पर उनकी अभ्यर्थिता निरस्त भी की जा सकेगी। प्रकिया के संबंध में शिकायत/कठिनाई हो तो वे संबंधित संभागीय संयुक्त संचालक को अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करें। संयुक्त संचालक द्वारा प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण किया जाएगा।

4. यदि किसी अभ्यर्थी को चयन प्रकिया के संबंध में कोई जानकारी चाहिए तो वे trc. mponline. gov.in पर दी गई जानकारी का अध्ययन करें। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन प्रक्रिया के संबंध में जिज्ञासा/समस्या के समाधान के लिये MPOnline के Call Centre 0755–6720200 पर समय प्रातः 8:30 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक सम्पर्क कर सकते है। **अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे एम.पी. ऑनलाईन का पोर्टल trc.mponline.gov.in को नियमित रूप से देखते रहें।**

(अभय वर्मा)
आयुक्त
लोक शिक्षण, म.प्र.